सीएसआईआर-केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)
सैक्टर 30-सी, चण्डीगढ़ - 160030 (भारत)

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि : 30.08.2015
ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि : 30.09.2015 (सायं 5.00 बजे तक)
ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी भेजने की अंतिम तिथि : 12.10.2015

विज्ञापन सं. 6/2015

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान कैरियर के लिए अनुपम अवसर

सीएसआईआर-केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर-सीएसआईओ), चण्डीगढ़, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के अधीनस्थ एक प्रमुख संस्थान है, जो माप-विज्ञान तथा उपकरण-विन्यास प्रौद्योगिकियों पर बल देते हुए विविध वैज्ञानिक क्षेत्रों में मूल एवं अनुप्रयुक्त दोनों प्रकार के बहु-विषयी अनुसंधान एवं विकास कार्यों में संलग्न है। संगठन कृषि उपकरण-विन्यास, जैव-चिकित्सा उपकरण-विन्यास, ऑप्टिकल उपस्कर एवं प्रणालियां, भू-वैज्ञानिक उपकरण-विन्यास, प्रिसीज़न यांत्रिक प्रणालियां, विश्लेषणात्मक तकनीकें तथा अनुसंधान एवं विकास सहायक सुविधाएं, कम्प्यूटेशनल उपकरण-विन्यास आदि क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को समर्पित है। सीएसआईआर-सीएसआईओ उपर्युक्त उल्लिखित क्षेत्रों से संबंधित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक उपकरणों की परिकल्पना एवं विकास कार्य तथा परियोजनाओं, बौद्धिक परिणामों, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तथा सूचना प्रणालियों के प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक/वरिष्ठ वैज्ञानिकों की भर्ती कर रहा है।

माप विज्ञान तथा उपकरण-विन्यास प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में शोध कार्य को कैरियर के रूप में चुनने के इच्छुक, उत्कृष्ट शैक्षिक योग्यताओं एवं प्रमाणित वैज्ञानिक उपलब्धि प्राप्त और अपेक्षित अनुभव व उच्च प्रेरणा रखने वाले उत्साही भारतीय उम्मीदवारों से वैज्ञानिक/वरिष्ठ वैज्ञानिक के निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए निम्न विवरणानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिससे कि चण्डीगढ़ और सेवा एवं अनुरक्षण (एस एंड एम) केन्द्र, दिल्ली व चेन्नै में रिक्तियों को भरा जा सके।

विभिन्न पदों के लिए नियमानुसार परिलब्धियां एवं आयु सीमा निम्नानुसार हैं :

पदनाम	पदों की संख्या	वेतन बैंड	ग्रेड वेतन	*कुल परिलब्धियां	***अधिकतम आयु सीमा 30.9.2015 को निम्नांकित से अधिक नहीं
वैज्ञानिक	यूआर - 14 ओबीसी - 07** एससी - 05 एसटी - 02 कुल - 28@ **02 बैकलॉग रिक्तियों सहित @कुल 28 पदों में से, 05 पद विकलांग व्यक्तियों (02 ओएच, 02 एचएच, 01 वीएच) के लिए आरक्षित हैं	₹ 15600-39100 (पीबी-3)	₹ 6600/-	₹ 64,144/-	32 वर्ष
वरिष्ठ वैज्ञानिक			₹ 7600/-	₹ 74,073/-	37 वर्ष

*कुल परिलब्धियों का अर्थ दिनांक 30.06.2015 को चण्डीगढ़ में देय मकान किराए भत्ते सहित वेतनमान के न्यूनतम पर अनुमानित कुल परिलब्धियां है। सीएसआईआर-सीएसआईओ में उपलब्ध होने पर नियमानुसार आवास उपलब्ध करवाया जा सकता है।

***आयु में छूट के लिए कृपया विज्ञापन में ''सामान्य सूचना एवं शर्तें'' शीर्षक देखें।

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
वी1-01/ एग्रीऑनिक्स/ 03 पद (एससी-01, ओबीसी-01 एवं यूआर-01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंट्रोल/इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/इलैक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्युमैन्टेशन) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/नियंत्रण प्रणालियों/आभासी उपकरण-विन्यास की परिकल्पना एवं विकास का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंट्रोल/इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/इलैक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्युमैन्टेशन) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का कार्य अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	कृषि, खाद्य विज्ञान एवं सहबद्ध प्रौद्योगिकियों से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/नियंत्रण प्रणालियों/आभासी उपकरण-विन्यास की परिकल्पना एवं विकास का अनुभव
वी2-01/ जैव-चिकित्सा उपकरण-विन्यास/01 पद (एसटी-01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/ जैव-चिकित्सा अभियांत्रिकी/इंस्ट्युमैन्टेशन/ इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/कंट्रोल सिस्टम/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/कम्प्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी/मैकाट्रॉनिक्स) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	बायोमकैनिक्स/रोबोटिक्स /बायो सिग्नल प्रोसेसिंग/डिज़िटल सिग्नल प्रोसेसिंग/इमेज प्रोसेसिंग/ ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/जैव-चिकित्सा अभियांत्रिकी/ इंस्ट्युमैन्टेशन/इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/कंट्रोल सिस्टम/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/कम्प्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी/मैकाट्रॉनिक्स) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	बायोमकैनिक्स/रोबोटिक्स /बायो सिग्नल प्रोसेसिंग/डिज़िटल सिग्नल प्रोसेसिंग/इमेज प्रोसेसिंग/ ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अनुभव

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
वी2-02/ जैव-चिकित्सा उपकरण-विन्यास/01 पद (यूआर-01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/जैव-चिकित्सा अभियांत्रिकी/इंस्ट्युमैन्टेशन/ इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/कंट्रोल सिस्टम/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/मैकाट्रॉनिक्स) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	रोबोटिक्स/बायो सिग्नल प्रोसेसिंग/डिज़िटल सिग्नल प्रोसेसिंग/इमेज प्रोसेसिंग/ मानव शरीर विज्ञान एवं ऑर्थोपेडिक्स का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/जैव-चिकित्सा अभियांत्रिकी/इंस्ट्युमैन्टेशन/ इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/कंट्रोल सिस्टम/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/मैकाट्रॉनिक्स) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	रोबोटिक्स/बायो सिग्नल प्रोसेसिंग/डिज़िटल सिग्नल प्रोसेसिंग/इमेज प्रोसेसिंग/ मानव शरीर विज्ञान एवं ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में अनुभव
वी2-03/ जैव-चिकित्सा उपकरण-विन्यास/01 पद (यूआर-01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (मकेनिकल इंजीनियरिंग/मशीन डिज़ाइन/डिज़ाइन इंजीनियरिंग/मैकाट्रॉनिक्स) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	बायोमकैनिक्स/ बायो-मैकाट्रॉनिक्स/ रोबोटिक्स/एनालिसिस सॉफ्टवेयर का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (मकेनिकल इंजीनियरिंग/मशीन डिज़ाइन/डिज़ाइन इंजीनियरिंग/मैकाट्रॉनिक्स) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	बायोमकैनिक्स/ बायो-मैकाट्रॉनिक्स/ रोबोटिक्स/एनालिसिस सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अनुभव

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
वी2-04/ जैव-चिकित्सा उपकरण-विन्यास-एस एंड एम केन्द्र, नई दिल्ली/01 पद (ओबीसी-01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/जैव-चिकित्सा अभियांत्रिकी/इंस्ट्युमैन्टेशन/ इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/कंट्रोल सिस्टम/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/मैकाट्रॉनिक्स) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	जैव-चिकित्सा उपस्करों के मानकों तथा अंशांकन का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/जैव-चिकित्सा अभियांत्रिकी/इंस्ट्युमैन्टेशन/ इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/कंट्रोल सिस्टम/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/मैकाट्रॉनिक्स) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	जैव-चिकित्सा उपस्करों के मानकों तथा अंशांकन के क्षेत्र में अनुभव
वी3-01/ ऑप्टिकल उपस्कर एवं प्रणालियां/02 पद (एससी-01 एवं यूआर -01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंट्रोल/ इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्युमैन्टेशन/ इंस्ट्युमैन्टेशन/एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/वीएलएसआई/एम्बेडिड प्रणालियां) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	पॉवर सप्लाई डिज़ाइन/डिस्प्ले उपस्कर/एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण प्रणालियां/एम्बेडिड इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों का कार्यगत ज्ञान, मिश्रित सिग्नल सिमुलेशन/आभासी उपकरण-विन्यास/ एफपीजीए डिज़िटल सिग्नल प्रोसेसिंग में दक्षता
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंट्रोल/इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्युमैन्टेशन/इंस्ट्युमैन्टेशन/एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/वीएलएसआई/एम्बेडिड प्रणालियां) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	पॉवर सप्लाई डिज़ाइन/डिस्प्ले उपस्कर/एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण प्रणालियां/एम्बेडिड इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों के क्षेत्र में अनुभव, मैटलैब एवं सिमुलिंक/लैब व्यू/सी, सी++/लाइनैक्स, विंडोज़, एफपीजीए एवं डिज़िटल सिग्नल प्रोसेसिंग में दक्षता

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
वी3-02/ ऑप्टिकल उपस्कर एवं प्रणालियां/02 पद (एससी-01 एवं ओबीसी -01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (ऑप्टिक्स/अनुप्रयुक्त ऑप्टिक्स/ऑप्टिकल इंजीनियरिंग/ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स एवं लेज़र प्रौद्योगिकी/लेज़र विज्ञान एवं अनुप्रयोग/ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स/फोटोनिक्स/पदार्थ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	ऑप्टिकल डिज़ाइन/ऑप्टिकल होलोग्राफी/ऑप्टिकल उपस्कर निर्माण एवं संयोजन/ऑप्टिकल परीक्षण एवं मापन/ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक प्रणालियां/प्रिसिज़न ऑप्टिकल मशीनिंग/ऑप्टिकल उपकरण-विन्यास/ऑप्टो मकेनिकल प्रणालियां/थिन फिल्म कोटिंग एवं एडवांस्ड ऑप्टिकल प्रणालियों का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (ऑप्टिक्स/अनुप्रयुक्त ऑप्टिक्स/ऑप्टिकल इंजीनियरिंग/ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स एवं लेज़र प्रौद्योगिकी/लेज़र विज्ञान एवं अनुप्रयोग/ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स/फोटोनिक्स/पदार्थ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	ऑप्टिकल डिज़ाइन/ऑप्टिकल होलोग्राफी/ऑप्टिकल उपस्कर निर्माण एवं संयोजन/ऑप्टिकल परीक्षण एवं मापन/ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक प्रणालियां/प्रिसिज़न ऑप्टिकल मशीनिंग/ऑप्टिकल उपकरण-विन्यास/ऑप्टो मकेनिकल प्रणालियां/थिन फिल्म कोटिंग एवं एडवांस्ड ऑप्टिकल प्रणालियों के क्षेत्र में अनुभव

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
वी4-01/ उन्नत पदार्थ एवं संवेदी (फोटोनिक्स)/ 02 पद (ओबीसी -01 एवं यूआर-01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स/फोटोनिक्स/लेज़र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग/विज्ञान), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	फाइबर ऑप्टिक्स, फोटोनिक क्रिस्टल फाइबर, सर्फेस प्लास्मोन रेज़ोनेंस एवं जैव-फोटोनिक्स के क्षेत्रों में संवेदियों एवं प्रणालियों का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स/फोटोनिक्स/लेज़र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (विज्ञान), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर 2 वर्ष के अनुभव सहित पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	फाइबर ऑप्टिक्स, फोटोनिक क्रिस्टल फाइबर, सर्फेस प्लास्मोन रेज़ोनेंस एवं जैव-फोटोनिक्स के क्षेत्रों में संवेदियों एवं प्रणालियों की परिकल्पना एवं विकास कार्य का अनुभव
वी4-02/ उन्नत पदार्थ एवं संवेदी (फोटोनिक्स)/ 01 पद (एसटी-01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (जैवप्रौद्योगिकी/जैवरसायन/रसायन अभियांत्रिकी/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	मॉडलिंग, जैवसंवेदियों, रासायनिक संवेदियों/नैनो-जैव फोटोनिक संवेदियों की परिकल्पना एवं विकास का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (जैवप्रौद्योगिकी/जैवरसायन/रसायन अभियांत्रिकी/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (विज्ञान), 2 वर्ष के अनुभव सहित पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	मॉडलिंग, जैवसंवेदियों, रासायनिक संवेदियों/नैनो-जैव फोटोनिक संवेदियों की परिकल्पना एवं विकास का अनुभव

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव[+]	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
वी5-01/ प्रिसिज़न यांत्रिक प्रणालियां/02 पद (ओबीसी-01, यूआर -01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्युमैन्टेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/इंस्ट्युमैन्टेशन/इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	एम्बेडिड सिस्टम डिज़ाइन/संवेदी एवं एक्च्यूएटर/एनालॉग एंड डिजि़टल सर्किट डिज़ाइन/वायरलैस सैंसर नैटवर्क्स/जिगबी कम्यूनिकेशन प्रोटोकॉल स्टैक का कार्यगत ज्ञान, मैटलैब एवं लैबव्यू में दक्षता
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्युमैन्टेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/इंस्ट्युमैन्टेशन/इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	एम्बेडिड सिस्टम डिज़ाइन/संवेदी एवं एक्च्यूएटर/एनालॉग एंड डिजि़टल सर्किट डिज़ाइन/वायरलैस सैंसर नैटवर्क्स/जिगबी कम्यूनिकेशन प्रोटोकॉल स्टैक के क्षेत्र में अनुभव, मैटलैब एवं लैबव्यू में दक्षता
वी5-02/ प्रिसिज़न यांत्रिक प्रणालियां-एस एंड एम केन्द्र, चेन्नै/02 पद (ओबीसी-01, यूआर -01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/एम्बेडिड प्रणालियां/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/नवीकरणीय ऊर्जा) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	इलेक्ट्रॉनिक उपकरण-विन्यास प्रणाली परिकल्पना/एम्बेडिड सिस्टम्ज़/नवीकरणीय ऊर्जा को समाविष्ट करने वाले स्मार्ट ग्रिड का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/एम्बेडिड प्रणालियां/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/इंस्ट्युमैन्टेशन एंड कंट्रोल/नवीकरणीय ऊर्जा) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	इलेक्ट्रॉनिक उपकरण-विन्यास प्रणाली परिकल्पना/एम्बेडिड सिस्टम्ज़/नवीकरणीय ऊर्जा को समाविष्ट करने वाले स्मार्ट ग्रिड के क्षेत्र में अनुभव

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
एच1-01/ सर्वगत विश्लेषणात्मक तकनीकें तथा अनुसंधान एवं विकास सहायक सुविधाएं /03 पद (एससी-01, ओबीसी-01 एवं यूआर -01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (नैनोप्रौद्योगिकी/नैनोविज्ञान/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/सॉलिड स्टेट फिज़िक्स/सूक्ष्मइलेक्ट्रॉनिकी/पदार्थ विज्ञान/धातुकर्म) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग/विज्ञान), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों (टीईएम/एफईएसईएम/ एक्सआरडी/एएफएम/रमन /फ्लोरोसेंस/वीएसएम/ डीएससी इत्यादि) तथा उन्नत नैनोसंरचनाओं का कार्यगत ज्ञान। पदार्थ गुणलक्षणन् में विशेषज्ञता
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (नैनोप्रौद्योगिकी/नैनोविज्ञान/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन इंजीनियरिंग/सॉलिड स्टेट फिज़िक्स/सूक्ष्मइलेक्ट्रॉनिकी/पदार्थ विज्ञान/धातुकर्म) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (विज्ञान), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर 2 वर्ष के अनुभव सहित अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों (टीईएम/एफईएसईएम/ एक्सआरडी/एएफएम/रमन /फ्लोरोसेंस/वीएसएम/ डीएससी इत्यादि) तथा उन्नत नैनोसंरचनाओं के क्षेत्र में अनुभव।पदार्थ गुणलक्षणन् में विशेषज्ञता
एच1-02/ सर्वगत विश्लेषणात्मक तकनीकें तथा अनुसंधान एवं विकास सहायक सुविधाएं /01 पद (यूआर -01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (जैवप्रौद्योगिकी/रासायनिक अभियांत्रिकी /आण्विक जैविकी) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (विज्ञान), अनुप्रयुक्त भौतिकी/अनुप्रयुक्त रासायनिकी/जैव-रासायनिकी या समकक्ष या उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग/विज्ञान), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	स्पेक्ट्रोस्कोपिक और माइक्रोस्कोपिक विश्लेषण तथा अन्य उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (जैवप्रौद्योगिकी/रासायनिक अभियांत्रिकी /आण्विक जैविकी) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (विज्ञान), अनुप्रयुक्त भौतिकी/अनुप्रयुक्त रासायनिकी/जैव-रासायनिकी या समकक्ष या उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत तथा 2 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग/विज्ञान), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	स्पेक्ट्रोस्कोपिक और माइक्रोस्कोपिक विश्लेषण तथा अन्य उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों के क्षेत्र में अनुभव

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
एच2-01/ कम्प्यूटेशनल उपकरण-विन्यास /03 पद (एससी-01 यूआर -02)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन/इंस्ट्युमैन्टेशन/मैकाट्रॉनिक्स/एम्बेडिड सिस्टम्ज़/एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्ज़) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	कम्प्यूटेशनल इंस्ट्युमैन्टेशन - सिग्नल प्रोसेसिंग/इमेज प्रोसेसिंग/मशीन इंटैलिजेंस/एफपीजीए/ डीएसपी प्रणालियों का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल/एडवांस्ड इंस्ट्युमैन्टेशन/इंस्ट्युमैन्टेशन/मैकाट्रॉनिक्स/एम्बेडिड सिस्टम्ज़/एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्ज़) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	चिकित्सा/कृषि/ स्वचलित लक्ष्य पहचान/भूकंपीय/ संरचनाओं संबंधी कम्प्यूटेशनल उपकरण-विन्यास में अनुभव
एच4-01/ प्रबंध सूचना प्रणाली /01 पद (यूआर -01)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	एम.ई./एम.टैक. (कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/इनफरमेशन एंड कम्यूनिकेशन टैक्नोलॉजी/सूचना प्रौद्योगिकी/डाटा विज्ञान) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग/ डाटा एवं सूचना प्रबंधन/डाटा माइनिंग एंड इंटरप्रेटेशन/आईसीटी प्रबंधन का कार्यगत ज्ञान
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	एम.ई./एम.टैक. (कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/इनफरमेशन एंड कम्यूनिकेशन टैक्नोलॉजी/सूचना प्रौद्योगिकी/डाटा विज्ञान) या समकक्ष तथा 3 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर	सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग/ डाटा एवं सूचना प्रबंधन/डाटा माइनिंग एंड इंटरप्रेटेशन/आईसीटी मैनेजमेंट, सर्वर एंड नेटवर्क मैनेजमेंट के क्षेत्र में अनुभव

पद कोड/क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण)	पदनाम/ग्रेड वेतन (जीपी) रुपयों में	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+	ज्ञान/अनुभव का संबंधित क्षेत्र
एच4-02/ व्यापार प्रस्ताव एवं परियोजना योजना /02 पद (यूआर -02)	ए: वैज्ञानिक जीपी 6600/-	बी.टैक. (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल/इंस्ट्रुमैन्टेशन/कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/मकैनिकल)/एम.एससी. (भौतिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर विज्ञान) तथा बौद्धिक सम्पदा कानून में स्नातकोत्तर डिग्री (प्रथम श्रेणी या कुल 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष जीपीए) अथवा एम.ई./एम.टैक. (औद्योगिक अभियांत्रिकी/औद्योगिक प्रबंधन/प्रौद्योगिकी प्रबंधन) या समकक्ष अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग/प्रबंधन$/विज्ञान), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर शोधप्रबंध प्रस्तुत	व्यापार विकास एवं विपणन/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, परियोजना प्रबंधन, बौद्धिक सम्पदा अधिकार, प्रलेखन/प्रकाशन आदि का कार्यगत ज्ञान। मौखिक व लिखित संप्रेषण में कुशल
	बी: वरिष्ठ वैज्ञानिक जीपी 7600/-	बी.टैक.(इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल/इंस्ट्रुमैन्टेशन/कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/मकैनिकल)/एम.एससी. (भौतिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर विज्ञान) तथा एमबीए या बौद्धिक सम्पदा कानून में स्नातकोत्तर डिग्री तथा 03 वर्ष का अनुभव अथवा एम.ई./एम.टैक. (औद्योगिक अभियांत्रिकी/औद्योगिक प्रबंधन/प्रौद्योगिकी प्रबंधन) या समकक्ष तथा 03 वर्ष का अनुभव अथवा पीएच.डी. (इंजीनियरिंग/प्रबंधन$/विज्ञान), उपर्युक्त से संबंधित किसी भी विषय पर $पीएच.डी. (प्रबंधन) में अर्थशास्त्र, सूचना विज्ञान, आईपीआर कानून या कुछ विशेष कार्यो के लिए समकक्ष में पीएच.डी. शामिल है	व्यापार विकास एवं विपणन/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, परियोजना प्रबंधन, बौद्धिक सम्पदा अधिकार, प्रलेखन/प्रकाशन आदि के क्षेत्र में अनुभव। मौखिक व लिखित संप्रेषण कौशल सहित अच्छी विश्लेषणात्मक क्षमता

+न्यूनतम निर्धारित अर्हताएं प्राप्त करने पर ही अनुभव की गणना की जाएगी।

संक्षेपक : यूआर-अनारक्षित; ओबीसी-अन्य पिछड़ा वर्ग; एससी-अनुसूचित जाति; एसटी-अनुसूचित जनजाति; ओएच-ऑर्थोपेडिकली विकलांग; एचएच-हियरिंग विकलांग; वीएच-दृष्टि विकलांग

उपर्युक्त उल्लिखित अर्हताओं के अतिरिक्त यदि कोई अन्य मान्यता प्राप्त अर्हता निर्धारित अर्हता के समकक्ष होगी, तो उसे अपेक्षित अर्हता के समरूप माना जाएगा।

कार्य का विवरण :

चयनित उम्मीदवारों को संस्थान की अनुसंधान, विकास एवं नवाचार संबंधी कार्य करने होंगे। चयनित उम्मीदवारों की तैनाती उनके ज्ञान और अनुभव को ध्यान में रखते हुए संस्थान की आवश्यकताओं के अनुरूप सीएसआईआर-सीएसआईओ के विभिन्न कार्य समूहों अथवा इसके सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्रों में की जाएगी। अनुसंधान एवं विकास क्रियाकलापों के अतिरिक्त चयनित उम्मीदवारों को परामर्शी/प्रायोजित/अनुदान प्राप्त परियोजनाओं में भी स्वतंत्र रूप से अथवा टीम में कार्य करना होगा। चयनित उम्मीदवारों को वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान अकादमी (एसीएसआईआर), जो स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. डिग्री प्रदान कर रही है, की प्रयोगशाला यूनिट में अपेक्षानुसार कक्षाएं भी लेनी होंगी। चयनित उम्मीदवारों को एसीएसआईआर के नियमों के अनुसार अकादमी के अनुसंधान अध्येयताओं के पर्यवेक्षण का अवसर भी मिलेगा, जिससे विद्यार्थी पीएच.डी. कर पाएंगे। पदधारियों को सीएसआईआर-सीएसआईओ के एक अभिन्न अंग इण्डो-स्विस प्रशिक्षण केन्द्र (आईएसटीसी) के विद्यार्थियों को सैद्धान्तिक व प्रायोगिक प्रशिक्षण देने की भी आवश्यकता पड़ सकती है।

सामान्य सूचना एवं शर्तेः

1. **परिषद् सेवा के अंतर्गत लाभ :**

क. इन पदों पर सामान्य भत्ते यथा डीए, एचआरए तथा परिवहन भत्ता आदि, जैसा कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को देय तथा सीएसआईआर में लागू हैं, प्रदान किए जाएंगे। परिषद् कर्मी सीएसआईआर आवास आबंटन नियमावली के अनुसार अपनी पात्रता के अनुसार क्वार्टर उपलब्ध होने पर आवास के हकदार हैं, ऐसे मामले में एचआरए प्रदान नहीं किया जाएगा।

ख. वेतन बैंड-3 में वैज्ञानिक दो अतिरिक्त वेतनवृद्धियों (बिना डीए के) तथा ₹10,000/- प्रतिवर्ष के प्रोफेशनल अपडेट भत्ते के पात्र हैं।

ग. प्रत्येक पद के वर्ग के समक्ष उल्लिखित परिलब्धियों के अतिरिक्त नई पैंशन योजना-2004, चिकित्सा खर्चो की प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत, वाहन अग्रिम एवं गृह निर्माण अग्रिम आदि की सुविधाएं सीएसआइआर के नियमों के अनुसार उपलब्ध होंगी।

घ. सीएसआईआर में वैज्ञानिकों को परामर्शी और प्रायोजित परियोजनाएं पर कार्य करने की भी अनुमति है। इन कार्यो से वे सीएसआईआर के संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार परामर्श शुल्क एवं मानदेय भी अर्जित कर सकते हैं। प्रशिक्षण/पेपर प्रस्तुतिकरण/विशिष्ट कार्यों के लिए विदेश प्रतिनियुक्ति के अवसर भी उपलब्ध हैं।

ड. सीएसआईआर वैज्ञानिकों के लिए मूल्यांकन पदोन्नति योजना के अंतर्गत कैरियर उन्नति के लिए योग्य उम्मीदवारों को पदोन्नति के बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराता है।

च. असाधारण रूप से मेधावी एवं योग्य उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी सीएसआईआर नियमों के अनुसार अग्रिम वेतनवृद्धि(यां) देने पर विचार कर सकते हैं।

2. **अन्य शर्ते :**

क. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

ख. सभी आवेदक ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को विज्ञापन में निर्धारित अनिवार्य अपेक्षाओं और अन्य शर्तो को पूरा करते होने चाहिए। उन्हें परामर्श दिया जाता है कि आवेदन करने से पूर्व वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को विभिन्न पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं पूरी करते हों। पात्रता के संबंध में मांगी गई किसी जानकारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

ग. निर्धारित की गई अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं तथा केवल इन्हें पूरा करने पर उम्मीदवार को साक्षात्कार के अवसर का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। इस संबंध में विधिवत गठित संवीक्षा समिति स्वयं अपने तरीके से उम्मीदवारों की छंटनी करेगी। अत: उम्मीदवार न्यूनतम निर्धारित अर्हताएं प्राप्त करने के बाद की संबंधित क्षेत्र में प्राप्त समस्त अर्हताओं और अनुभव का उल्लेख करें और इसके समर्थन में दस्तावेज संलग्न करें। पीएच. डी. डिग्री को अस्थायी प्रमाणपत्र/अधिसूचना के जारी होने की तिथि से पूरा माना जाएगा।

घ. आवेदन के साथ संगत शैक्षिक अर्हताओं एवं अनुभव संबंधी प्रमाणपत्रों की स्व-अनुप्रमाणित प्रतियां संलग्न होनी चाहिए। निर्धारित अर्हताएं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान इत्यादि से प्राप्त की होनी चाहिए। अधूरे/बिना अपेक्षित प्रमाणपत्रों/दस्तावेज़ो के प्राप्त हुए आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ड्. अनिवार्य अर्हताओं की समकक्ष शर्त के संबंध में, यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन की अपेक्षाओं के अनुसार किसी विशिष्ट शैक्षिक अर्हता को समकक्ष मानते हुए दावा कर रहा है, तो उसे इससे संबंधित आदेश/पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा उस प्राधिकरण का विवरण (संख्या एवं तिथि सहित) भी देना होगा, जिसके अंतर्गत इसे समकक्ष माना गया है अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

च. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की चयन-सूची तैयार करने हेतु मान्य अनुभव के निर्धारण में अंशकालिक आधार पर, दैनिक मजदूरी, विज़िटिंग/अतिथि संकाय के रूप में प्राप्त अनुभव की अवधि की गणना नहीं की जाएगी।

छ. यदि कोई दस्तावेज़ हिंदी या अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में प्रस्तुत किया जा रहा है, तो उसकी हिंदी या अंग्रेजी प्रतिलिपि राजपत्रित अधिकारी अथवा नोटरी से अनुप्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करें।

ज. अधिकतम आयु सीमा, योग्यता एवं/अथवा अनुभव निर्धारत करने की तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी।

झ. संबंधित विषय/कार्य के क्षेत्र में अनुभव की अवधि, जहां निर्धारित है, की गणना उस ग्रेड के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता प्राप्त करने की तिथि से की जाएगी।

ञ. भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने वाले विकलांग (पीडब्ल्यूडी) व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ट. संस्थान एक लिंग अनुपात आधारित कार्यदल स्थापित करने के लिए प्रयासरत है, अत: महिला कर्मियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ठ. यदि कोई उम्मीदवार विदेश में रह रहा है, तो उसके अनुरोध पर चयन समिति उसकी उम्मीदवारी पर अनुपस्थिति में विचार कर सकती है।

ड. चयन समिति किसी भी उम्मीदवार को उसके प्रदर्शन के आधार पर समान वेतन-बैंड में किसी भी ग्रेड-वेतन में रखने का निर्णय कर सकती है, बशर्ते कि वह निर्धारित न्यूनतम पात्रता मापदंडों को पूरा करे।

ढ. साक्षात्कार हेतु बुलाए गए और पात्र पाए गए बाहर से आने वाले उम्मीदवारों को स्वयं के लिए ही आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल किराया दिया जाएगा। यह भुगतान नियमानुसार यात्रा प्रारंभ करने के वास्तविक स्थल अथवा उम्मीदवार के निवास के सामान्य स्थल से लेकर चण्डीगढ़ स्टेशन तक, जो भी निकटतम हो, के लिए देय होगा तथा इसके लिए रेल टिकट/रेल टिकट नं. अथवा यात्रा का कोई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत करना होगा।

ण. आवेदन में दी गई सूचना और मूल दस्तावेज़ों के बीच पाई गई कोई भी विसंगति उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए अयोग्य बनाएगी। ऐसे उम्मीदवार को किसी प्रकार का यात्रा किराया देय नहीं होगा।

त. पात्रता, आवेदन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने, चयन की पद्धति, परीक्षा/साक्षात्कार लेने संबंधी सभी मामलों में सीएसआईआर-सीएसआईओ का निर्णय अंतिम एवं उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।

थ. किसी भी प्रकार के पक्ष-प्रचार तथा/अथवा राजनैतिक या अन्यथा किसी भी प्रकार की सिफारिश को पद के लिए अयोग्यता माना जाएगा।

द. अंतरिम पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

ध. कृपया अद्यतन सूचना के लिए हमारी वेबसाईट ''http://www.csio.res.in'' को नियमित रूप से देखें।

3. **छूट :**

क. सरकारी आदेशों के अनुसार जहां संबंधित श्रेणियों के लिए आरक्षित पद हैं, विहित प्रपत्र में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित उचित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ऊपरी आयुसीमा में एससी/एसटी के लिए 5 वर्ष तथा ओबीसी के लिए 3 वर्ष की छूट है।

ख. सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/ संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों को भी ऊपरी आयुसीमा में 5 वर्ष की छूट है।

ग. विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं तथा पति से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं के लिए आयुसीमा छूट के लिए भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार, विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं तथा पति से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं, जिन्होंने पुनः विवाह न किया हो, ऊपरी आयुसीमा में 35 वर्ष (अनुसुचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को 40 वर्ष तथा अन्य पिछड़ी जातियों के सदस्यों को 38 वर्ष, उनके लिए आरक्षित पद होने पर) तक की छूट प्राप्त है। इस उप-पैरा के तहत आयुसीमा में छूट का दावा करने वाले सदस्यों को निम्नलिखित दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे -

(i) विधवा के मामले में, पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र कि उसके बाद पुनः विवाह नहीं किया है।

(ii) तलाकशुदा महिलाओं तथा पति से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं के मामले में तलाक या कानूनी रूप से अलग होने के प्रमाण के तौर पर कोर्ट के निर्णय या डिक्री की प्रमाणित प्रति के साथ इस आशय का शपथ-पत्र कि तब से उन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है ।

घ. शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए आयु सीमा में छूट : नेत्रहीन, मूक-बधिर तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को श्रेणी 'ए' पदों पर नियुक्ति के लिए 10 वर्ष (उनके लिए आरक्षित पदों के संबंध में एससी/एसटी को कुल 15 वर्ष तथा ओबीसी को कुल 13 वर्ष) की आयु सीमा छूट में प्राप्त है बशर्ते कि निर्धारित तिथि को आवेदक की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक न हो । इस उप-पैरा के तहत आयुसीमा छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को अपने दावे के समर्थन में विहित प्रपत्र में एक प्रमाणपत्र देना होगा जिसमें स्पष्ट अंकित होगा कि उनकी शारीरिक अक्षमता का प्रतिशत 40% या उससे अधिक है । किसी भी स्थिति में, इन उम्मीदवारों की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वे चयन के द्वारा सीधी भर्ती से भरे जाने वाले प्रत्येक श्रेणी 'ए' पद के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शारीरिक सक्षमता मानकों के अनुरूप सक्षम पाए गए ।

ड्. असाधारणतया मेधावी उम्मीदवारों के मामले में या पदों को भरने के लिए आवश्यक योग्यता और/या अनुभव रखने वाले उम्मीदवार उचित संख्या में उपलब्ध न होने पर आयु, शैक्षिक योग्यता और/या अनुभव में निर्धारित सीमा से अधिक छूट देने पर विचार किया जा सकता है।

च उन पर भी पांच वर्ष की छूट लागू होगी जो 1.1.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू तथा कश्मीर राज्य के कश्मीर प्रभाग में सामान्यत: अधिवासित रहे हैं, बशर्ते कि वे संबंधित प्राधिकारी से उचित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ।

4. **<u>आवेदन कैसे करें :</u>**

क. योग्य उम्मीदवार हमारी वैबसाइट http://www.csio.res.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं।

ख. यदि उम्मीदवार का वैध ई.मेल आई.डी. नहीं है तो ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व उसे नया वैध ई.मेल आई.डी. बनाना होगा।

ग. **ऑनलाइन आवेदन हमारी वैबसाइट पर 30 अगस्त, 2015 से 30 सितम्बर, 2015 तक भरा जा सकेगा।**

घ. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले ऑनलाइन आवेदन करने संबंधी निर्देर्शों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

ड. सामान्य/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए ₹100 (केवल एक सौ रुपये) का ऑनलाइन आवेदन शुल्क लागू है, जोकि अप्रतिदेय है। फीस स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में **पावर ज्योति खाता संख्या 33004547024 (भारतीय स्टेट बैंक, सैक्टर 30-सी, चण्डीगढ़ में संचालित)** में हमारी वैबसाइट से डाउनलोड की गई 'फीस जमा पर्ची' की सहायता से सीधे जमा करानी होगी ।एससी/एसटी/पीएच/महिला/सीएसआईआर कर्मचारी/विदेशी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क लागू नहीं होगा।

च. ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक **30 सितम्बर, 2015 को सायं 5.00 बजे** तक है।

छ. सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए ग्रेड आदि प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के मामले में उम्मीदवारों से अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालय/संस्थानों के नियमों के तहत दिए गए फार्मूले के अनुसार इसे प्रतिशत में बदलकर लिखें।

ज. **'सबमिट बटन'** पर क्लिक करने के बाद प्रदर्शित पृष्ठ पर जारी किया गया **'आवेदन फार्म नम्बर'** प्राप्त होने पर ऑनलाइन आवेदन सफल माना जाएगा। कृपया इसे सावधानीपूर्वक नोट करके अपने पास रखें। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो आवेदन को दोबारा प्रिंट नहीं कर पाएंगे ।

झ. नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ सहित विधिवत् हस्ताक्षरित कम्प्यूटर जनित आवेदन (प्रिंट आउट) के साथ आयु, शैक्षिक अर्हताओं (सीजीपीए से प्रतिशत में बदलने के फार्मूले के साथ) से संबंधित प्रमाणपत्रों, अंकसूचियों, अनुभव प्रमाणपत्र, पब्लिकेशनों के री-प्रिंट तथा जाति प्रमाणपत्र, यदि लागू हो, की स्व-अनुप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करके, 'आवेदन फीस जमा पर्ची' (यदि लागू हो) सहित, एक लिफाफे (प्रत्येक पद के लिए अलग लिफाफा) में डालकर जिस पर ………………………………पद के लिए आवेदन (पद कोड ………) लिखा गया हो, इस पते पर भेजा जाए - **प्रशासनिक अधिकारी, सीएसआईआर-केन्द्रीय**

वैज्ञानिक उपकरण संगठन, सैक्टर 30-सी, चण्डीगढ़-160030 (भारत)। यह आवेदन दिनांक 12 अक्तूबर, 2015 तक या उससे पूर्व पहुंच जाना चाहिए।

ञ. एक से अधिक पद पर आवेदन करने वाले उम्मीदवार पोस्ट कोड संख्या अंकित करते हुए प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन प्रपत्र जमा करें। प्रत्येक आवेदन की हार्ड प्रति के साथ अलग से फीस जमा पर्ची लगाएं।

ट. प्रस्तुत किया गया आवेदन वापिस नहीं लिया जा सकता तथा जमा की गई फीस की राशि भी किसी भी स्थिति में लौटाई नहीं जाएगी, न ही इसे किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए रिज़र्व में रखा जा सकता है।

ठ. सरकारी विभागों के कर्मचारियों के आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा यदि यह उचित माध्यम से प्राप्त होंगे और नियोक्ता द्वारा अनुप्रमाणित होंगे कि चयन की स्थिति में आवेदनकर्ता को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक मास के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। साथ ही, सतर्कता अनापत्ति भी दर्ज की गई हो। तथापि, अग्रिम प्रति अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत की जा सकती है। उचित माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन भी '**प्रशासनिक अधिकारी, सीएसआईआर-केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, सैक्टर 30-सी, चण्डीगढ़ -160030 (भारत)** तक जल्दी से जल्दी पहुंच जाएं।

ड. उम्मीदवार विशेष रूप से नोट करें कि किसी भी कारण (जैसेकि लिफाफे पर पता गलत होना, गलत पते पर पहुंचना, डाक विलंब आदि) से आवेदन की हार्ड प्रति प्राप्त होने की अंतिम तिथि यथा 12 अक्तूबर, 2015 के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन **सीएसआईआर-सीएसआईओ** द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

ढ. अपूर्ण (यथा-अहस्ताक्षारित, बिना फोटोग्राफ/आवेदन शुल्क/लागू शंसापत्रों आदि के प्राप्त) आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

ण. सीएसआईआर-सीएसआईओ यदि किसी विशेष पद को न भरना चाहे तो इसका अधिकार सीएसआईओ के पास सुरक्षित है। रिक्तियों की अंकित संख्या वास्तविक चयन के समय बदल सकती है।

त. चयन किए गए उम्मीदवार पद ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन होंगे। परिवीक्षा अवधि को सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है। परिवीक्षा अवधि की सफल समाप्ति पर वर्तमान नियमों के अनुसार उनके स्थायीकरण पर विचार किया जाएगा।

थ. चयन किए गए उम्मीदवारों को परिवीक्षा अवधि के दौरान कहीं और अथवा सीएसआईआर-सीएसआईओ में नियुक्ति के लिए आवेदन की अनुमति नहीं दी जाएगी और यदि उन्होंनें पहले ही किसी अन्य संगठन में किसी पद के लिए आवेदन दिया है तो उन्हें ऐसे आवेदनों का विवरण इस संस्थान में कार्यग्रहण के तत्काल बाद देना होगा ।

द. ऑनलाईन आवेदन के सफलतापूर्वक जमा हो जाने के बाद इसे वापिस लेने/संशोधन/निरस्त करने की अनुमति नहीं होगी।

5. **डाक द्वारा भेजे गए आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ संलग्न किए जाएं :**

क. आवेदन शुल्क जमा पर्ची (सीएसआईआर-सीएसआईओ प्रति) की मूल प्रति एवं एक छायाप्रति (स्व-अनुप्रमाणित), जहां लागू हो

ख. जन्म प्रमाणपत्र की स्व-अनुप्रमाणित छाया प्रति

ग. शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्रों की स्व-अनुप्रमाणित छाया प्रतियां

घ. जाति प्रमाणपत्र की स्व-अनुप्रमाणित छाया प्रति, यदि लागू हो

ड्. अनुभव प्रमाणपत्रों की स्व-अनुप्रमाणित छाया प्रतियां, यदि लागू हो

च. पीडब्ल्यूडी, विधवा/ तलाकशुदा/पति से विधिपूर्वक अलग हुई महिला से संबंधित प्रमाणपत्रों की स्व-अनुप्रमाणित छाया प्रतियां, यदि लागू हो

छ. फार्म पर चिपकाई गई तथा पूरे हस्ताक्षर की गई नवीन पासपोर्ट साइज़ रंगीन फोटो

नोटः इस विज्ञापन के अंग्रेज़ी संस्करण और उसके हिन्दी अनुवाद में कोई विसंगति पाए जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा।

प्रशासनिक अधिकारी